Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **डूंगरपुर में राजकीय प्राथमिक विद्यालय का शिक्षाकर्मी 10 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *09 अक्टूबर, बुधवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की डूंगरपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **रमेश चंद कोटेड शिक्षाकर्मी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय आरा, तहसील बिछीवाड़ा, जिला डूंगरपुर** को परिवादी से **10 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की डूंगरपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसका पेंशन प्रकरण तैयार कर भिजवाने की एवज में आरोपी रमेश चंद कोटेड शिक्षाकर्मी द्वारा **20 हजार रूपये** रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी उदयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल** के सुपरवीजन में एसीबी की डूंगरपुर इकाई के **उप अधीक्षक पुलिस श्री रतनसिंह राजपुरोहित** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम **पुलिस निरीक्षक श्री राजेन्द्र सिंह** व अन्य के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी रमेश चंद कोटेड शिक्षाकर्मी को परिवादी से **10 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी द्वारा शिकायत से पूर्व ही परिवादी से **5 हजार रुपये** रिश्वत के रूप में वसूल कर लिये थे।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।